ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
A FRANSALIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AUTONOMOUS
NAAC A GRADE • AFFILIATED TO BANGALORE UNIVERSITY • AICTE APPROVED • 2(F) & 12 (B) RECOGNITION OF UGC • ISO 9001:2015 CERTIFIED
Electronics City P.O., Bengaluru - 560 100, Karnataka, INDIA (+91) 8088140679 pro@sfscollege.in www.sfscollege.in

# END SEMESTER EXAMINATION – APRIL/MAY 2026

## HINDI – IV SEMESTER BSC

## 25BSC41H: UPANAYAS, ANTRJAAL, CHITHAA LEKHAN AUR ARTH GRAHAN

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 80**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए ।** **10x1=10**

1. केशव के पिता का नाम क्या है?
2. माधुरी ने कौन सी मानता मांगी थी ?
3. गोपीनाथ क्या काम करता था?
4. जीवनराम की बेटी कौन थी ?
5. माया के लिए रिश्ता किसने भेजा था ?
6. सुशीला कहाँ नौकरी करना चाहती थी?
7. शंकरराम कहाँ पर मुनीमी करता था?
8. बम्बई में माया और रानी किसके पास गए थे?
9. केशव ने पाप के रुपयों का दान कहाँ किया?
10. थके पाँव उपन्यास के लेखक का नाम लिखो?

**II. निम्नलिखित में से दो अवतरण की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **2x7=14**

1. तीस रूपए की एक नौकरी मिल रही है, कहिये तो उसे ले लूँ| बड़ी तनख्वाहें जहाँ हैं वहाँ बड़ी से बड़ी सिफारिशें चल रही हैं|
2. जीवित रहने का संघर्ष... मानव का सबसे बड़ा संघर्ष है| जिसे लोग मध्य वर्ग कहते हैं उसमें यह जीवित रहने का संघर्ष भयानक है ।
3. मैं कहती हूँ की इसमें हर्ज की क्या है? आजकल स्त्रियाँ नौकरी करती हैं, रुपया कमाती है, आर्थिक संघर्ष में परिवार का हाथ बटाती हैं ।

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **1x15=15**

1. उपन्यास 'थके पाँव' में सामाजिक मूल्यों और जीवन की वास्तविकताओं का चित्रण कैसे किया गया है? उदाहरण सहित समझाइए।
2. 'थके पाँव' में माया और सुशीला जैसे पात्रों का साहित्यिक महत्व क्या है? किन-किन कारणों से वे उल्लेखनीय हैं|

**IV. किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए।** **3x7=21**

1. मोहन
2. माधुरी
3. रामकिशोर
4. रामचंदर
5. किशन

**V. किस एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **10x1=10**

1. अंतरजाल की परिभाषा दीजिए तथा इसके संरचना और उपयोग की प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए।
2. चिट्ठा लेखन क्या है? इसके प्रकार, विशेषताएँ और आधुनिक युग में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

**VI. निम्नलिखित अनुछेद को पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **10x1=10**

एक छोटे से गाँव में रमेश नाम का एक बालक रहता था। उसे पेड़-पौधों से बहुत प्रेम था। वह रोज़ सुबह उठकर अपने घर के पास लगे पौधों को पानी देता और उनकी देखभाल करता था। एक दिन उसने देखा कि गाँव के कुछ लोग पेड़ों को काट रहे हैं ताकि वहाँ नई इमारत बनाई जा सके। यह देखकर रमेश बहुत दुखी हुआ। उसने गाँव के बुज़ुर्गों से बात की और उन्हें समझाया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए कितने आवश्यक हैं, क्योंकि वे हमें शुद्ध वायु और छाया प्रदान करते हैं। शुरुआत में लोगों ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन रमेश ने हार नहीं मानी। उसने अपने स्कूल के मित्रों के साथ मिलकर एक अभियान शुरू किया। वे सब मिलकर गाँव में लोगों को जागरूक करने लगे और नए पौधे लगाने लगे। धीरे-धीरे गाँव के लोग भी उनकी बात समझने लगे और पेड़ों को काटने का निर्णय बदल दिया। कुछ समय बाद वह गाँव हरे-भरे पेड़ों से भर गया और वातावरण भी स्वच्छ हो गया।

1. रमेश को किस चीज़ से विशेष प्रेम था?
2. वह रोज़ सुबह क्या करता था?
3. एक दिन रमेश ने क्या देखा?
4. पेड़ों को काटने का कारण क्या था?
5. रमेश ने इस स्थिति पर कैसी प्रतिक्रिया दी?
6. उसने गाँव के लोगों को क्या समझाने का प्रयास किया?
7. शुरुआत में लोगों ने उसकी बात क्यों नहीं मानी?
8. रमेश और उसके मित्रों ने क्या कदम उठाए?
9. इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
10. कहानी का मुख्य पात्र कौन है?

ST. FRANCIS DE SALES COLLEGE
EXCELLENCE • EFFICIENCY • TRANSFORMATION
ELECTRONICS CITY, BENGALURU